भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3073
जिसका उत्तर गुरुवार, दिनांक 29 अगस्त, 2013 को दिया जाना है

विनिर्माण क्षेत्र की संवृद्धि

3073. श्री नलिन कुमार कटील:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विनिर्माण क्षेत्र ने 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान लक्षित संवृद्धि को प्राप्त नहीं किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) लक्षित संवृद्धि को प्राप्त न करने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र हेतु 12वीं पंचवर्षीय योजना में प्राप्त करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क): जी, हां।

(ख): 11वीं पंचवर्षीय योजना में लक्षित 9.8% की औसत वार्षिक संवृद्धि की तुलना में विनिर्माण क्षेत्र ने योजना अवधि के दौरान प्रति वर्ष 7.7% की संवृद्धि दर्ज की है।

(ग): विनिर्माण क्षेत्र की संवृद्धि में गिरावट की वजह घरेलू और बाह्य मांग की मात्रा में कमी, ब्याज दरों में बढ़ोतरी, उपभोग व्यय विशेषकर ब्याज-दर संवेदनशील वस्तुओं में मंदी, मंद कारोबारी आत्मविश्वास और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है।

(घ): जी, हां।

(ङ): 10 प्रतिशत की विनिर्माण विकास दर बारहवीं पंचवर्षीय योजना में निगरानी संकेतकों के महत्वपूर्ण सेट में से एक है।

*****